महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

हिंदी विवि में 'विकसित भारत@2047: युवाओं की दृष्टि' विषय पर परिचर्चा

वर्धा, दि. 29 दिसंबर 2023: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 'विकसित भारत@2047: युवाओं की आवाज' (Viksit Bharat@2047:Voice of Youth) अभियान के अन्तर्गत गुरूवार, 28 दिसंबर को 'विकसित भारत@2047: युवाओं की दृष्टि' विषय पर परिचर्चा का आयोजन वर्धा समाज कार्य संस्थान के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. के. बालराजु की अध्यक्षता में महादेवी वर्मा

सभागार में किया गया। परिचर्चा में शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने कृषि, आत्मनिर्भर भारत, शिक्षा, लघु उद्योग, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जनसंख्या नियंत्रण, कौशल विकास, आर्थिक सुधार, भारतीय ज्ञान परंपरा, पर्यावरण संरक्षण, मातृभाषा में शिक्षा एवं संस्कृति संरक्षण आदि विषयों पर अपनी बात रखी। परिचर्चा में विद्यार्थी देवव्रत दुबे, नयना प्रसाद, पूनम, ओम प्रकाश, शशांक कुमार, दीपक कुमार, दीपेश कुमार, कर्णवीर सिंह, महेंद्र विश्वकर्मा, अभय, निक्सा महापात्रा, विकास आदि शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए विकसित भारत और भारत के 2047 तक के विकास के लक्ष्यों को केंद्र में रख कर इस विकास यात्रा में युवाओं के योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना हिंदी साहित्य विभाग के अध्यक्ष तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार ने रखी। उन्होंने भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'विकसित भारत' की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय में चर्चा, परिचर्चा, पोस्टर, चित्रांकन, प्रस्तुति, प्रदर्शन आदि उपक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में बढ़-चढ़ हिस्सा लेने की अपील भी उन्होंने की। डॉ. के. बालराजु ने भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु युवाओं को दिशानिर्देश प्रदान किए। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. भरत कुमार पंडा ने किया। इस अवसर पर डॉ. योगेंद्र बाबू, डॉ. राम कृपाल तिवारी, डॉ. प्रदीप, डॉ. कोमल कुमार परदेसी सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी बडी संख्या में उपस्थित रहे।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305